समाचार

# 18 जून को वार्ड क्र. 01, 17, 26, 39, 47, 53, 56, 65 में पहुंचेगी मोबाईल मेडिकल यूनिट

कोरबा 17 जून 2021 – छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत 18 जून शुक्रवार को वार्ड क्र. 01, 17, 26, 39, 47, 53, 56, 65 के निर्धारित स्थलों में मोबाईल मेडिकल टीम पहुंचकर शिविर लगाएगी तथा लोगों की मुफ्त जांच एवं निःशुल्क इलाज करेगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 18 जून शुक्रवार को वार्ड क्र. 01 सामुदायिक भवन सर्वमंगलानगर, वार्ड क्र. 17 पथर्रीपारा सामुदायिक भवन वार्ड कार्यालय के पास, वार्ड क्र. 26 मुड़ापार आंगनबाड़ी केन्द्र, वार्ड क्र. 39 आजादनगर स्टेज, वार्ड क्र. 47 कुमगरी रतन यादव घर के पास सामुदायिक मंच, वार्ड क्र. 53 दर्रीखार प्राथमिक शाला गेरवाघाट के सामने सांस्कृतिक मंच, वार्ड क्र. 56 रेलवे दफाई चन्द्रनगर स्कूल, वार्ड क्र. 65 कुदरीपारा सामुदायिक भवन के पास मोबाईल मेडिकल यूनिट पूरे साजो सामान के साथ पहुंचेगी तथा विभिन्न बीमारियों की जांच व निःशुल्क इलाज करेगी।